## काव्य-खण्ड

# अध्याय 1

# कैदी और कोकिला

— माखनलाल चतुर्वेदी

## कविता का सारांश

यह कविता अंग्रेज़ी शासन के शोषण तंत्र को प्रकट करने तथा उसके विरोध में जनता को उत्साहित करने हेतु लिखी गई थी। भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के साथ अंग्रेज़ शासकों ने क्रूरता का व्यवहार किया तथा उन्होंने भारतीयों को अपने दमन चक्र व बर्बरतापूर्ण नीतियों से तरह-तरह की यातनाएँ दीं। कवि ने जेल में अकेले रहकर उदास जीवन व्यतीत किया तब उन्होंने कोयल से अपने दिल के दुख और असंतोष के भाव प्रकट किए हैं। कोयल जब आधी रात में मधुर स्वर में बोलती थी तो कवि को ऐसा प्रतीत होता था कि वह सारे देश को एक कारागार के रूप में देखने लगी है और मधुर गीत गाने के स्थान पर मुक्ति के लिए चीखने लगी। कवि कोकिला से पूछता है कि वह बार-बार क्यों कूकती है? वह किसका संदेश लाई है? देशभक्तों और स्वतन्त्रता सेनानियों को डाकू, चोरों और बदमाशों के लिए बनाई जेलों में बंद कर अंग्रेज़ों ने उन पर तरह-तरह के अत्याचार ढाए हैं। क्या कोकिला भी स्वयं को कैदी अनुभव करती है? अंग्रेज़ों ने देशभक्तों को हथकड़ियों में जकड़ दिया था। उनसे बलपूर्वक मज़दूरों का कार्य कराया जाता था। कोयल काले रंग की थी तथा विदेशी शासन भी काला था। कवि की काल कोठरी काली थी, टोपी काली थी, कम्बल काला था और पहरेदारों की हुँकार भी काले नागों के समान काली थी। कवि का संसार बस दस फुट की कोठरी ही था जहाँ उसका रोना भी गुनाह था। जेल में बस कष्ट ही कष्ट थे, पर फिर भी गांधी जी के आह्वान पर देश की स्वतंत्रता के लिए कवि और सभी देशभक्त प्रयत्नशील थे।

### *शब्दार्थ*

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| बटमार | रास्ते में यात्रियों को लूट लेने वाला | हिमकर | चंद्रमा | दावानल | जंगल की आग |
| हुँकृति | हुँकार | मोट | पुर, चरसा (चमड़े का डोल जिससे कुएँ आदि से पानी निकाला जाता है।) | जूआ (जुआ) | बैलों के कंधे पर रखी जाने वाली लकड़ी |
| ब्याली | सर्पिणी | | | वेदना | दु:ख |
| मोहन | मोहनदास करमचंद गांधी अर्थात् महात्मा गांधी | कोकिल | कोयल | मृदुल | कोमल |
| | | तम | अँधेरा | आली | सखी |
| मोट खींचना | कोल्हू का चरसा चलाना | रजनी | रात | कमली | कम्बल |

## एकल बहुविकल्पीय प्रश्न

(प्रत्येक 1 अंक)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए—**

**1.** **कवि ने गहना किसे कहा है?**

**(क)** चूड़ियाँ **(ख)** हथकड़ियाँ

**(ग)** कंगन **(घ)** इनमें से कोई नहीं

**उत्तर—विकल्प (ख) सही है।**

**व्याख्या**—कवि को स्वतंत्रता के लिए त्याग करना, बलिदान करना गर्व का काम लगता है इसलिए वे हथकड़ियों को गहना मानते हैं।

# खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक) क्षितिज (भाग-1) काव्य

## साखियाँ और सबद — कबीर दास (कवि)

अंर्तमन में ईश्वर का निवास (पाठ-परिचय)

उन्होंने बाह्य आडम्बरों का विरोध करते हुए ईश्वर को अपने अन्दर ही खोजने को कहा है।

## वाख — ललद्यद (कवयित्री)

**(पाठ-परिचय)**—धार्मिक आडम्बरों का विरोध

**सारांश**—कवयित्री कहती हैं कि ईश्वर को ढूँढ़ने के लिए मन्दिर-मस्जिद जाने के स्थान पर सच्चे मन से अपने अन्त:करण में ढूँढ़ना चाहिए। आत्मज्ञान ही सच्चा ज्ञान है इसी से संसार रूपी नदी में डूबने से बचा जा सकता है। ईश्वर एक है। सद्कर्मों के द्वारा तथा अहंकार से मुक्त होकर ही मोक्ष पाया जा सकता है।

## बच्चे काम पर जा रहे हैं — राजेश जोशी (कवि)

**(पाठ परिचय)**—बाल मजदूरी के कारण बच्चों के बचपन छिनने की पीड़ा का वर्णन

**सारांश**—कवि कहता है कि बहुत से बच्चों को पेट भरने के लिए काम पर जाना पड़ता है। उन्हें बचपन में खेलने और पढ़ने का मौका नहीं मिलता। छोटे-छोटे बच्चों का सुबह-सुबह काम पर जाना भयावह है। खिलौनों, किताबों, बगीचों में बच्चों को अपना बचपन व्यतीत करना चाहिए।

## सवैये — रसखान 'कवि'

**(पाठ-परिचय)**—कृष्णभक्ति के प्रति अनन्य प्रेम व वृन्दावन की वस्तुओं के प्रति लगाव प्रकट करना

**सारांश**—रसखान ने प्रथम सवैये में कहा कि ईश्वर उन्हें चाहे मनुष्य बनाए या पशु-पक्षी अथवा पत्थर। वे प्रत्येक रूप में कृष्ण का साथ चाहते हैं। दूसरे में वे ब्रज के लिए संसार के सभी सुखों का त्याग करने की बात कही है। तीसरे में उन्होने गोपियों द्वाारा कृष्ण का रूप धारण करने का वर्णन किया है वहीं अन्तिम सवैये में कृष्ण की मुरली की मधुर धुन सुन गोपियाँ विवश हो जाती हैं व कृष्ण के प्रति अनुरक्त हुए बिना नहीं रह पातीं।

## कैदी और कोकिला — माखनलाल चतुर्वेदी (कवि)

**(पाठ-परिचय)**—ब्रिटिश शासन द्वारा क्रान्तिकारियों को दी जाने वाली यातनाओं का वर्णन

**सारांश**—कवि स्वयं एक क्रान्तिकारी है तथा जेल में बन्द है। जेल की यातनाओं के बारे में वह कोयल को बताता है कि उन (क्रान्तिकारियों) को चोर-डाकुओं के साथ रखा जाता है उन्हें भरपेट भोजन भी नहीं मिलता है। वे ना रो सकते हैं और ना ही चैन की नींद सो सकते हैं। जेल में उन्हें बेड़ियाँ और हथकड़ियाँ पहनायी जाती हैं। ना उन्हें चैन से जीने और ना ही मरने दिया जाता है। कवि यह सब कोयल के जरिए समस्त देशवासियों को स्वतन्त्रता के प्रति जागरूक करना चाहता है।

**माइंडमैप को कैसे समझें?**

- पहला स्तर
- दूसरा स्तर
- तीसरा स्तर

नोट: Term-II पाठ्यक्रम में 'कैदी और कोकिला' तथा 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' पाठों को शामिल किया गया है।

2. 'मोहन के व्रत पर' पंक्ति में 'मोहन' हैं—

(क) श्रीकृष्ण

(ख) महात्मा गांधी

(ग) राममोहन राय

(घ) मदन मोहन मालवीय

**उत्तर—विकल्प (ख) सही है।**

> **व्याख्या**—इस पंक्ति में 'मोहन' से आशय महात्मा गांधी से है जिन्होंने देश की आज़ादी का प्रण लिया हुआ है और लोग उनके साथ उस प्रण की पूर्ति हेतु स्वतंत्रता आंदोलन में भाग ले रहे हैं।

3. **कवि के रोने पर लोगों की प्रतिक्रिया क्या होती है?**

(क) लोग बातें करते हैं

(ख) लोगों के मुख से आह निकलती है

(ग) लोग दुखी होते हैं

(घ) (क) और (ख) दोनों

**उत्तर—विकल्प (ख) सही है।**

> **व्याख्या**—कोयल के गीत सुनकर लोग 'वाह' कहते हैं। कवि का रोना सुनकर लोगों के मुँह से आह निकल पड़ती है।

4. **कवि को कोयल से ईर्ष्या होने का कारण है—**

(क) क्योंकि कोयल पेड़ों पर रहती है।

(ख) क्योंकि कोयल गाती है।

(ग) क्योंकि कोयल स्वतंत्र है।

(घ) क्योंकि कोयल नाचती है।

**उत्तर—विकल्प (ग) सही है।**

> **व्याख्या**—कवि कारागृह में बंदी है और कोयल स्वतंत्र रूप से गीत गा सकती है इसलिए उन्हें कोयल से ईर्ष्या हो रही है।

5. **कोयल द्रवित क्यों हो गई है?** 1

(क) जेल की अवस्था देखकर

(ख) स्वतंत्रता सेनानियों पर ढाए जाने वाले अत्याचारों को देखकर

(ग) कवि की अवस्था देखकर

(घ) अंग्रेज़ शासन को देखकर

**उत्तर—विकल्प (ख) सही है।**

> **व्याख्या**—अंग्रेज़ सरकार दमन चक्र चलाते हुए जिस प्रकार भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों पर अन्याय कर रही थी वो देखकर कोयल द्रवित हो गई।

6. **कवि किसे जीवन संगीत मानता है?**

(क) कोयल की आवाज़ को

(ख) मोर की आवाज़ को

(ग) कोल्हू की आवाज़ को

(घ) उपर्युक्त सभी

**उत्तर—विकल्प (ग) सही है।**

> **व्याख्या**—कवि कोयल को उद्देशित करते हुए कहते हैं कारागृह की सींखचों को ही हमने स्वीकारा है अब तो कोल्हू की चर्रक चूँ ध्वनि हमारे लिए जीवन संगीत है।

7. **'कोयल की कूक' में किसकी अनुभूति होती है?**

(क) मृदु आवाज़ की (ख) दुख और वेदना की

(ग) मीठी आवाज़ की (घ) कर्कश आवाज़ की

**उत्तर—विकल्प (ख) सही है।**

> **व्याख्या**—कारागृह में बंद स्वतंत्रता सेनानियों को देखकर उनके प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कोयल की कूक में हूक और वेदना की अनुभूति होती है।

8. **किनकी करनी को काली कहा गया है?**

(क) इंसानों की (ख) पशुओं की

(ग) अंग्रेज़ सरकार की (घ) प्राणियों की

**उत्तर—विकल्प (ग) सही है।**

> **व्याख्या**—अंग्रेज सरकार जिस प्रकार से भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों पर जुल्म कर रही थी वह देखकर तो यही लग रहा था कि उनकी करनी काली है।

9. **कवि को कहाँ स्वतंत्रता से कार्य करने को नहीं मिल रहा था?**

(क) बगीचे में (ख) कार्यालय में

(ग) कारागृह में (घ) शहर में

**उत्तर—विकल्प (ग) सही है।**

> **व्याख्या**—स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान कवि को कारागृह जाना पड़ा तब उन्हें अमानवीय कष्ट दिए गए।

10. **'कैदी और कोकिला' कविता में कोयल क्या काम कर रही है?**

(क) स्वतंत्रता संग्राम हेतु प्रेरणा देने का

(ख) लोगों को प्रसन्न करने का

(ग) लोगों को दुख पहुँचाने का

(घ) गीत गाने का

**उत्तर—विकल्प (क) सही है।**

> **व्याख्या**—कोयल कवि के साथ रोने के लिए आई है और उसे अंग्रेज़ों के खिलाफ चुपचाप विद्रोह करने की प्रेरणा दे रही है।

11. **''काले संकट-सागर'' से कवि का क्या अभिप्राय है?** 1

(क) काला सागर (ख) काला रंग

(ग) अंग्रेज़ों की जेल (घ) काला पानी

**उत्तर—विकल्प (ग) सही है।**

> **व्याख्या**—'काले संकट-सागर' से तात्पर्य है-अंग्रेज़ों की जेल में कवि को अनंत दुख दिए जाते थे। लगता था कि कष्ट कभी दूर नहीं होंगे ।

12. **ब्रिटिश शासन की तुलना किससे की गई है?** 1

(क) कोयल के गीतों से (ख) कैदी से

(ग) तम के प्रभाव से (घ) गुलामी से

**उत्तर—विकल्प (ग) सही है।**

> **व्याख्या**—कवि ने अंग्रेजों के अत्याचारों को देखकर उसकी तुलना तम यानी काले अँधेरे से की है।

**13. कवि ने लोगों का आह्वान किसलिए किया है? 1**

(क) क्रांति करने (ख) युद्ध करने

(ग) गीत गाने (घ) ये सभी

**उत्तर—विकल्प (क) सही है।**

> **व्याख्या**—ब्रिटिशों की यातनामयी पराधीनता से मुक्ति पाने के लिए कवि लोगों को क्रांति करने के लिए कह रहे हैं।

**14. कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?**

(क) कवि काल कोठरी में रहता है।

(ख) कवि का संसार केवल 10 फुट बड़ा है।

(ग) कवि को रोने की भी आज़ादी नहीं है।

(घ) उपर्युक्त सभी

**उत्तर—विकल्प (घ) सही है।**

> **व्याख्या**—चूँकि कोयल हरी डाल पर रहती, खुले आसमान में उड़ती है व खुलकर गा सकती है इसके विपरीत कवि 10 फुट की काल कोठरी में बंद है जहाँ हँसना तो दूर रोना भी गुनाह है।

**15. भारत में कैदियों के साथ अमानवीय व्यवहार कब किया जाता था?**

(क) जब भारत पराधीन था

(ख) जब भारत आज़ाद था

(ग) प्राचीन भारत में

(घ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर—विकल्प (क) सही है।**

> **व्याख्या**—जब भारत पराधीन था तब कैदियों पर उन्होंने अनगिनत अत्याचार किए, उन्हें भूख से तड़पाया साथ ही उन्हें, कोल्हू की बैल की तरह काम करना पड़ता था।

## पद्यांशों पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रत्येक 5 अंक)

**निम्नलिखित पद्यांशों को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए— (1×5=5)**

**I.**

क्या गाती हो?
क्यों रह-रह जाती हो?
कोकिल बोलो तो !
क्या लाती हो?
संदेशा किसका है?
कोकिल बोलो तो !
ऊँची काली दीवारों के घेरे में,
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में,
जीने को देते नहीं पेट-भर खाना,
मरने भी देते नहीं, तड़प रह जाना!
जीवन पर अब दिन-रात कड़ा पहरा है,
शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली,
इस समय कालिमामयी जगी क्यूँ आली?

**1. कवि को कारागृह में किन लोगों के बीच रहना पड़ा?**

(क) चोर-डाकुओं के बीच (ख) अंग्रेज़ों के बीच

(ग) दोस्तों के बीच (घ) दुश्मनों के बीच

**उत्तर—विकल्प (क) सही है।**

> **व्याख्या**—कवि को कारागृह में चोर-डाकू के बीच रहना पड़ा। उन्हें पेट भर खाने के लिए भी नहीं मिलता था। अनगिनत कष्ट सहने पड़े।

**2. कवि पर कौन क्षुब्ध है?**

(क) कोयल

(ख) तकदीर

(ग) प्रकृति

(घ) शासन

**उत्तर—विकल्प (ग) सही है।**

> **व्याख्या**— रात काली थी, चांद भी डूब गया था इसलिए कवि को लग रहा है कि उस पर प्रकृति क्षुब्ध है।

**AI 3. कोयल गीत क्यों गा रही है?**

**(क)** कवि के कहने पर

**(ख)** अपने मन के लिए

**(ग)** अंग्रेज़ शासन के लिए

**(घ)** कैदियों के अत्याचारों को देखकर

**उत्तर—विकल्प (घ) सही है।**

> **व्याख्या—**कवि के अनुसार कोयल अंग्रेज़ सरकार के अत्याचारों से दुखी है। कैदियों पर होने वाले अत्याचारों को देखकर पिघल गई है इसलिए वह गा रही है।

**4. कारागृह में कष्ट सहते हुए कवि के मन में क्या ख्याल आया?**

**(क)** वहाँ से भाग जाने का

**(ख)** मरने का

**(ग)** रोने का

**(घ)** गुस्सा व्यक्त करने का

**उत्तर—विकल्प (ख) सही है।**

> **व्याख्या—**कवि के मन में ख्याल आया कि अंग्रेज शासन की यातनाओं को सहने से अच्छा है कि वह मर जाए।

**5. किसे तम के प्रभाव के समान बताया है?**

**(क)** ब्रिटिश शासन **(ख)** कोयल

**(ग)** कारागृह **(घ)** अपने विचारों

**उत्तर—विकल्प (क) सही है।**

> **व्याख्या—**कवि ने ब्रिटिश शासन के अत्याचारों को देखकर उसकी तुलना तम यानी काले अँधेरे से की है।

**II.**

क्या? देख न सकती ज़ंजीरों का गहना?
हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश-राज का गहना,
कोल्हू का चर्रक चूँ?—जीवन की तान,
गिट्टी पर अँगुलियों ने लिखे गान!
हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ,
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कूआँ।
दिन में करुणा क्यों जगे, रुलाने वाली,
इसलिए रात में गज़ब ढा रही आली?
इस शांत समय में,
अंधकार को बेध, रो रही क्यों हो?
कोकिल बोलो तो!
चुपचाप, मधुर विद्रोह-बीज
इस भाँति बो रही क्यों हो?
कोकिल बोलो तो!

**1. रात में कौन रो रहा है?**

**(क)** कोयल **(ख)** बिल्ली

**(ग)** चिड़िया **(घ)** बच्ची

**उत्तर—विकल्प (क) सही है।**

> **व्याख्या—**कवि की दयनीय अवस्था को देखकर उनके प्रति संवेदना प्रकट करने के लिए रात में कोयल रो रही है।

**2. ब्रिटिश अकड़ का कुआँ खाली करने से अभिप्राय है—**

**(क)** ब्रिटिश कुँओं से पानी निकाल उन्हें खाली कर देना

**(ख)** ब्रिटिश सरकार द्वारा दी यातनाओं को झेलकर स्वतंत्रता के पथ से पीछे न हटना

**(ग)** ब्रिटिश सरकार के अकड़ नामक कुएँ को खाली करना

**(घ)** ये सभी

**उत्तर—विकल्प (ख) सही है।**

**3. कवि ने किसकी अकड़ ढीली की?**

**(क)** अंग्रेज़ सरकार **(ख)** चोरों की

**(ग)** कैदियों की **(घ)** इनमें से कोई नहीं

**उत्तर—विकल्प (क) सही है।**

> **व्याख्या—**अंग्रेज़ों ने कवि को बहुत नरक यातनाएँ दीं। परंतु कवि ने इन यातनाओं को भी सह लिया और इस तरह उनकी अकड़ ढीली की।

**AI 4. कवि को कोयल का स्वर कैसा लग रहा है?**

**(क)** क्रांतिकारी प्रेरणा देता हुआ

**(ख)** मधुर

**(ग)** विद्रोह के बीज बोता हुआ

**(घ)** ये सभी

**उत्तर—विकल्प (घ) सही है।**

> **व्याख्या—**कवि को कोयल का स्वर क्रांतिकारी प्रेरणा-सा, मधुर, व्रिदोह के बीज जैसा लग रहा है।

5. **कैद में कवि को किस तरह काम करना पड़ रहा है?**

**(क)** मजदूर की तरह **(ख)** कोल्हू के बैल की तरह

**(ग)** चोरों की तरह **(घ)** (क) और (ख) दोनों

**उत्तर—विकल्प (ख) सही है।**

**व्याख्या—**अंग्रेज़ शासन के जुल्म सहते हुए कैद में कवि को कोल्हू के बैल की तरह कष्ट सहने पड़ रहे हैं।

**III.**

काली तू, रजनी भी काली
शासन की करनी भी काली
काली लहर कल्पना काली
मेरी काल कोठरी काली
टोपी काली, कमली काली,
मेरी लौह शृंखला काली,
पहरे की हुंकृति की ब्याली,
तिस पर है गाली, ऐ आली!
इस काले संकट-सागर पर,
मरने की मदमाती।
कोकिल बोलो तो!
अपने चमकीले गीतों को
क्यों कर हो तैराती!
कोकिल बोलो तो!

1. **कवि ने 'हुंकृति की ब्याली' किसे बताया है?**

**(क)** पहरे को **(ख)** खाने को

**(ग)** काल कोठरी को **(घ)** रात को

**उत्तर—विकल्प (क) सही है।**

**व्याख्या—**कवि अंग्रेज़ी शासन के विरुद्ध विद्रोह के अपराध में जेल में बंद था। वहाँ उस पर कड़ा पहरा बिठाया गया था जो कवि को साँप की फुंकार के समान डसता प्रतीत होता था।

2. **कवि ने काली किसे कहा है?**

**(क)** अपनी तकदीर को

**(ख)** अपने जीवन को

**(ग)** जबान को

**(घ)** ब्रिटिश शासन की करतूत को

**उत्तर—विकल्प (घ) सही है।**

**व्याख्या—**कवि ने कोयल को, रात को, ब्रिटिश शासन की काली करतूतों को, कालकोठरी को, मन में उठने वाली कल्पनाओं को, हथकड़ी को काली कहा है।

3. **काली चीज़ें किसका निर्माण कर रही हैं?**

**(क)** उत्साह का **(ख)** द्वेष का

**(ग)** निराशा का **(घ)** इनमें से कोई नहीं

**उत्तर—विकल्प (ग) सही है।**

**व्याख्या—**काली चीज़ें कारागार में निराशा का वातावरण निर्मित कर रही हैं।

4. **उत्साह के वातावरण का निर्माण कौन कर रही है?**

**(क)** चिड़िया

**(ख)** पंछी

**(ग)** कोयल

**(घ)** मैना

**उत्तर—विकल्प (ग) सही है।**

**व्याख्या—**कोयल अपने गीतों से चारों ओर जोश और उत्साह का वातावरण निर्माण कर रही है।

5. **प्रस्तुत पद्यांश से रूपक अलंकार का उदाहरण है—**

**(क)** संकट सागर

**(ख)** काली लहर कल्पना काली

**(ग)** काला रंग कोकिल का

**(घ)** रजनी भी काली

**उत्तर—विकल्प (क) सही है।**

**व्याख्या—**'संकट सागर' में सागर पर संकट का आरोप है। उपमेय और उपमान दोनों में अभिन्नता है।

## कविता पर आधारित लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक 2 अंक)

**(25–30 शब्दों में)**

**AI प्रश्न 1. 'कैदी और कोकिला' नामक कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यन्त्रणाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए। [के.वी.एस. 2019]**

**अथवा**

**'कैदी और कोकिला' कविता के अनुसार लिखिए कि तत्कालीन शासक स्वतन्त्रता सेनानियों के साथ कैसा व्यवहार करते थे? [सी.बी.एस.ई. 2014 Term I]**

**उत्तर—** तत्कालीन अंग्रेज़ी शासक स्वतन्त्रता सेनानियों के साथ अत्याचार एवं दमनपूर्ण व्यवहार करते थे। उन्हें डाकू, बदमाशों के साथ जंजीरों में जकड़कर रखा जाता था, भरपेट भोजन नहीं दिया जाता था तथा कोल्हू में बैल की तरह जोता जाता था।

**प्रश्न 2. 'क्यों हूक पड़ी वेदना बोझ वाली-सी' पंक्ति का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि कवि के द्वारा कोयल से ऐसे प्रश्न करना उसकी किस मानसिक स्थिति का द्योतक है ? [सी.बी.एस.ई. 2016 Term I]**

**उत्तर—** कवि को कोयल की कूक भी वेदना ग्रस्त बोली जैसी लगती है। वह अंग्रेज़ी सरकार के अत्याचारों से पीड़ित है। उसे जेल में सिर्फ निराशा ही निराशा दिखती है। उसकी स्वतंत्रता भी छीन ली गई है। उसकी मानसिक स्थिति अत्यन्त दयनीय है। इसलिए स्वयं कवि भी बहुत दुखी है।

**AI प्रश्न 3. 'हिमकर निराश कर चला रात भी काली' का भाव स्पष्ट कीजिए। बताइए कि कवि को कोयल भी कैसी प्रतीत हो रही है और क्यों ? [सी.बी.एस.ई. 2016 Term I]**

**उत्तर—** चन्द्रमा छिप गया, चारों ओर अँधेरा छा गया। कवि निराश हो गया। स्वतन्त्रता सेनानियों को अकारण बंद कर दिया गया था, उनकी व्यथा बढ़ गईं थी। काली रात उनकी निराशा को बढ़ा रही थी। कोयल भी अंग्रेज़ों के काले कानून की तरह काली दिखाई पड़ रही थी क्योंकि वह इस समय कूक कर कवि की वेदना को और बढ़ा रही है।

**प्रश्न 4. कोकिला और कवि को निवास के लिए क्या-क्या मिला था, इसके साथ ही इन दोनों की दशाओं में क्या अन्तर था ? पठित कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [सी.बी.एस.ई. 2015 Term I]**

**अथवा**

**कवि का कोयल से ईर्ष्या का क्या कारण है? [सी.बी.एस.ई. 2012 Term I]**

**अथवा**

**AI कवि अपने और कोयल के जीवन में किस विषमता का अनुभव करते हैं? [सी.बी.एस.ई. 2013 Term I]**

**उत्तर—** कवि को कोयल से ईर्ष्या इसलिए हो रही है, क्योंकि कवि कारागार में बन्दी का जीवन व्यतीत कर रहा है जबकि कोयल स्वतन्त्र है। वह हरियाली का आनन्द ले रही है और खुले आसमान में विचरण कर रही है। कवि का संसार दस फुट की काल कोठरी में सिमटा हुआ है। कोयल के गाने की सभी सराहना करते हैं और कवि का रोना भी उसका गुनाह मान लिया जाता है।

**AI प्रश्न 5. 'मोहन के व्रत पर' पंक्ति का आशय 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर व्यक्त कीजिए तथा उन परिस्थितियों का भी उल्लेख कीजिए जिनमें यह व्रत धारण किया था। [सी.बी.एस.ई. 2015 Term I]**

**उत्तर—** 'मोहन के व्रत पर' का आशय मोहनदास करमचंद गांधी के द्वारा किए गए आह्वान तथा आज़ादी की लड़ाई से है। देश को अंग्रेज़ों से आज़ाद कराने के लिए उन्होंने असहयोग आन्दोलन का सूत्रपात किया और 'अंग्रेज़ो भारत छोड़ो' का नारा दिया। कवि भी उनके आह्वान पर नौकरी छोड़कर आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़ा।

**प्रश्न 6. कवि किन कष्टों में रातभर कहाँ जागता था और कोयल से वह क्या जानना चाहता था? 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए। [सी.बी.एस.ई. 2014 Term I]**

**उत्तर—** कवि को कारागार में भरपेट भोजन नहीं मिलता था, कोल्हू में बैल की जगह जुतना पड़ता था, गालियाँ और अपमान मिलता था। इन कष्टों के कारण वह रात-रात भर जागता था। कवि कोयल से यह जानना चाहता है कि वह क्या संदेशा लाई है, उसकी कूक में वेदना का भाव क्यों है ?

**AI प्रश्न 7. 'कैदी और कोकिला' कविता में कवि ने शासन की करनी को काली क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए। [सी.बी.एस.ई. 2014 Term I]**

**उत्तर—** 'कैदी और कोकिला' कविता में कवि ने अंग्रेजी शासन की करनी को काली इसलिए कहा है क्योंकि वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति अच्छा व्यवहार नहीं करते थे। उनके अन्याय, अत्याचार, दमन के कारण कवि ने शासन की करनी को काली कहा है।

**प्रश्न 8. अर्द्धरात्रि में कोयल की चीख से कवि को क्या अंदेशा है?** **[सी.बी.एस.ई. 2013 Term I]**

**उत्तर—** अर्द्धरात्रि में कवि को कोयल की चीख से यह लगता है कि कोयल कारागार में देशभक्त क्रान्तिकारियों के ऊपर अंग्रेज़ों द्वारा किए जाने वाले अत्याचारों और यातनाओं को देखकर बहुत दुखी होकर इस तरह दुख भरी आवाज़ में चीख रही है।

**AI प्रश्न 9. हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है?**

**उत्तर—** गहना पहनने वाले की सुन्दरता को बढ़ाता है। देशभक्त स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को स्वतन्त्र कराने के महान् उद्देश्य के लिए हथकड़ियाँ पहनीं थीं, वे आज़ादी के मतवाले हथकड़ियों को आभूषण के समान मानते थे, जिससे समाज में उनकी प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ गया। इसीलिए हथकड़ियों को गहना कहा गया है।

**AI प्रश्न 10. इस कविता में किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों?**

**उत्तर—** कविता में पराधीन भारत में अंग्रेज़ी शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है क्योंकि उस समय देश में अंग्रेज़ों की दमनकारी नीतियाँ प्रभावी थीं। भारतीयों का शोषण हो रहा था। आज़ादी की माँग करने वालों को जेल में बंद करके यातनाएँ दी जाती थीं। चारों ओर निराशामय वातावरण था।

### सामान्य त्रुटियाँ

- विद्यार्थी कविता का भली-प्रकार अध्ययन नहीं करते जिससे प्रश्नों के उत्तर देने में उन्हें असुविधा रहती है।
- 'मोहन के व्रत पर' से आशय वे कृष्ण भगवान के व्रत, पूजा आदि लेते हैं जो कि गलत है।
- विद्यार्थी कवि के जेल में बंदी होने की वजह स्पष्ट नहीं कर पाते।

### निवारण

- विद्यार्थियों को कविता का अध्ययन कर उनका केन्द्रीय भाव समझना चाहिए।
- विद्यार्थियों को प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में देने का प्रयास करना चाहिए।
- वर्तनी संबंधी अशुद्धियाँ कम करनी चाहिए।